







# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 8 • अंक 95 • 15 जून, 2013 • मूल्य : 150/- वार्षिक




आदरणीय मुख्यमंत्री

**श्री अशोक गहलोत**

के **63** वें जन्मदिवस

पर हार्दिक शुभकामनाएं

## धन-धन गहलोत

धन-धन गहलोत सा, धन्य थारा मायड़ बाप ।
सेवा सूं थे बण्या अशोक महान, इतिहास दुहरायो आपूं आप ।।टेर।।
गोल्यां सूं छलनी, लाठ्यां सूं राजस्थान लहु लुहान हो।
जात पांत, भ्रष्टाचार सूं जद राजस्थान शोकाकुल हो।
अंधेरै बाद उजालो हुयो जद गहलोत जी सता संभाल ली।
रात री नींद, दिन रो चैन बिसरा, जग जग री सुध ली।
धन-धन गहलोत सा, धन्य थारा मायड़-बाप।
सेवा सूं थे बण्या अशोक महान, इतिहास दुहरायो आपूं आप ।।टेर।।
रोवता रा आंसू पौछायां दिल सूं दिल जुडाय लियो ।
भूखा रा संताप मिटायो, मुफ्त इलाज रो प्रबंध कर दियो।
बुजुर्गा री सेवा रो कानून बणा थै बुढापे री लाठी बणग्या।
चोखा नम्बरां सूं पास पै लेपटाप, युवकां रा प्रेरणा स्त्रोत बणया।
हर राजस्थानी रै सिर पै छत, हो दिन रात एक कर दिनी।
हर घर री बगिया बच्चां सूं महकै, ई री व्यवस्था भी कर दीनी।
गांधीजी रे आदर्श डगर पै, फूले री ज्ञान ज्योति में चालता।
पीर पराई अपणाय कै राजस्थान रा सांचा गांधी कहांवता।।टेर।।
शहर सूं ढहर तांई इंटरनेट अर सेवा केन्द्रां रो जाल बिछायो।
दिल रा सांचा, जुबां का पक्का, कदई ना कालो दाग लगायो।
पानी बचाओ, बिजली बचाओ, सबको पढाओ अर पेड लगाओं।
मनडै रो थांको सांचो हेलो, जन-मण अं गुंज्यो कान लगाओ।।टेर।।
आईआईटी, आईआईएम जिसा नेक नेक तोहफा दिलवायो।
युनिवर्सिटी, खोली, अनुदान, बोनस, मुआवजा सूं किसान हरसाया।
दुबई सी खुशहाली ल्यावण, राज्य में रिफाईनरी री आश जगाई।
हो वैगो विकास अबै जण-जण मनडै में आ उम्मीद जगाई ।।टेर।।
जग जुबां पै जोर है, हो रही है बल्ले बल्ले।
राजस्थानी री बल्ले-बल्ले, गहलोत जी री बल्ले-बल्ले।
जात-पातं पूछे ना कोई, अशोक संग अशोक सब हुया।
छत्तीस कौम री सेवा सूं, गहलोत सांचा सपूत हुया ।।टेर।।
सादगी, सरलता, संवदेनशीलता अर साफगाई पहचान हुई।
गहलोत तो गहलोत है दूजी ना जग में कोई मिसाल हुई।
थां को भी गहलोत, म्हांका भी गहलोत, सब जग में अजीत हुया।
कैवे दिव्या, पा गहलोत सो सपूत राजस्थन धन्य धन्य हुया ।।टेर।।
जननी सुरक्षा पा बच्चा संग जच्चा मंद मंद मुस्कुराया।
सस्ता राशन सुलभ हर घर रा चुल्हा खिलखिलाये।।
महिला दिवस अर राखी पैनेग पा मां भैण आशीष देवे।
साइकिल, स्कूटी, अनुवृति, छात्रवृति पा दिव्याचरणां शीष नवावै ।।टेर।।
गहलोत जी रो हाथ है, सदा शहर गांव गरीब रै साथ।
जाणै कांई जादू है परोपकारी थांको, रह्यो न कोई खाली हाथ।
हो रही है बल्ले बल्ले हो जायेगी बल्ले बल्ले।
राजस्थान रा विकास पुरूष, गहलोत जी री बल्ले-बल्ले ।।टेर।।
म्हारै उपर राम राजी, राज राजी अर म्हे राजी।
कांई बिगाड लेवै ला, बुरी चेतण हाला बै बेराजी।
लोक सेवा गारंटी कानून सूं अब टेमूं टेम काम हुवै।
हर दुखी पीड़ित फरियादी ने राहत बेगी महसूस हुई।
भ्रष्टाचार मिटाणै री थां कणी सूं सार्थक पहल हुई।
विधान परिषद सा गठन री अबै शुभ सरूआत हुई।
देख थांकी भाग दौड़ ओ किस्सो जुबां पे आम हुयो।
पर पीडा निवारण खातर थांको दिण रात एक हुयो।।टेर।।



# फोटो समाचार



सुंधामाता में श्री अशोक गहलोत से माली समाज छात्रावास भवन के बारे में चर्चा करते जी. एम. परमार, भारताराम सुंदेशा एवं शंकर सुंदेशा



सुंधामाता में श्री अशोक गहलोत का स्वागत करते प्रबुद्धजन साथ में है जी. एम. परमार एवं श्री भंवरलाल सोलंकी( भीरू ग्रुप)



जालोर में माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री मोतीबाबा फूले से चर्चा करते मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत



जालोर में माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री समेलाराम माली एवं श्री जवानाराम माली डॉ. चंद्रभान का स्वागत करते हुए



जालोर में माली समाज भवन का अवलोकन करते श्री अशोक गहलोत साथ में है समाजसेवी श्री नाथु सोलंकी एवं अन्य



जालोर में माली समाज भवन में शीतल जल गृह का जलपान कर शुभारंभ करते श्री अशोक गहलोत


NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ●अंक 95 ● 15, जून 2013 ( सयुक्तांक) ● मूल्य : 150/- वार्षिक



सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)


पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा



## 'समाज में शिक्षा के मंदिरों की आवश्यकता – डॉ. सत्यनारायण सिंह


राष्ट्र स्तरीय निःशुल्क सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन में 100 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

माली समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलनों में 64 जोड़ें बनें हमसफर

माली धनराज चौधरी का चयन अंतराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ निदेशक मण्डल में

राजस्थान बोर्ड दसवीं की मेरिट में 2 रैंक के साथ सोनिया सैनी ने बढ़ाया गौरव

शिक्षा व संगठन से ही समाज का विकास- श्री रामकिशोर सैनी

रक्तदान शिविर में उमड़े युवा 251 ने किया रक्तदान

माली (सैनी) युवा संगठन ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

गहलोत क्लासेज का आरपीईटी में दबदबा

माली सैनी समाज की होनहार प्रतिभा सुश्री (डॉ.) निशा टाक

श्री मनोहर कछावा (दादा) का निधन

संत रामप्रसादजी महाराज ने किया वॉटर कूलर का शुभारंभ

# सम्पादक की कलम से ...



## विफलता में छिपी सफलता.........

बालक जब पैदा होता है तो रोता है। दुनिया में क्यों आया-माँ उसे सीने से लगा प्यार, सहजता व अपना अंश (दुध) पिला विश्वास दिलाती हुई बड़ा करती है और यही विश्वास उसे संसार में जीने का आधार बनाता है। बालक घुटनों के बल चलता हुआ खड़े होकर चलने की कोशशि करता है, गिरता है फिर खड़ा होकर चलने की कोशिश करता है, माँ का या परिवार का सहारा उसका विश्वास जगाता है। वह कुछ समय बाद घर में दौड़ते हुए सब को दौड़ता है और उसमें सहायक होता है उसका आत्मविश्वास और परिवार का प्यार यही मंत्र अगर उसे मिलता रहे तो वह एक सफल व्यक्ति के रूप में समाज में, परिवार में आगे जाकर ऊँचा स्थान पाता है। सब तरफ से अगर यह न मिले तो क्या होगा ? एक निराशामय जीवन ! इसलिए अगर आप अपने बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो जरूरी है आप उन्हें प्यार दें। सज्जनता से मीठे बोलना सिखायें। शिक्षा के क्षेत्र में उप पर अपनी मनौच्छा न थौंपे, उन्हें प्यार से समझायें। आपके प्यार के बोल बच्चों को आगे बढ़ने में सहायक होंगे और आपके जोशीले घमण्ड और क्रोधित बोल उनके मन में निराशा या उद्धण्डता पैदा करेंगे, ऐसा न करें। हाँ चढ़ती उम्र में बच्चों को हर वक्त कुछ करने की चाहत होती हैं और यही समय उनके गलत रास्ते(व्यसन) में पड़ने का भी होता है। ऐसा हो जाता है तो वो अपने जीवन तो बर्बाद करता ही है साथ में पूरे परिवार को निराशामय जीवन जीने को मजबूर करता है। ऐसी हालत में अगर उसे अपने विफल जीवन का अहसास हो तो उससे अलग हो सफलता की ओर चाहत निश्चय कर बढ़ता है तो एक सफलतम व्यक्ति के रूप में उभरता है। मेरा जहाँ तक ज्ञान है आज के बड़े उद्योगपति भी विफल जीवन के शिकार हुए है लेकिन उनके घर के अच्छे संस्कार, अच्छे विद्वानों का, संतजनों के साथ ने उन्हें एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में पुन: खड़ा किया है।

हमेशा याद रख कर आगे बढ़े और वो है : ''माता-पिता, ससुराल, ननिहाल से क्या मिला उसकी कोई कीमत नहीं, जब तक आप अपने स्वयं के बल (ज्ञान) पर आगे बढ़कर कुछ बनने की नहीं सोचते - जो आपके पूर्वज से मिला वो तो एक बोनस है। चाहे वो ज्ञान रूपी हो, चाहे धन रूपी, हो। जब तक आप सहेज खुद का कुछ नहीं करते तो आप कुछ नहीं है।''

निराशामय जीवन से जीने से तो अच्छा है उसे सफलतम जीवन के रूप में परिवर्तित कर आगे बढ़े। स्कूल, कॉलेज, व्यापार, नौकरी में अपना विशिष्ठ स्थान बनाये, बहुत कुछ आप पर निर्भर है। विफलता से सीखे और सफलता की ओर बढ़े। अपने समाज परिवार को आगे बढ़ायें लेकिन प्रेम कौर मीठे गुणदायक वचनों से न कि अपने रोब या क्रोधित वचनों से। आप बहत कुछ नहीं सब कुछ पायेंगे सिर्फ अपने अहम् भरे शब्द या गलत कारण न बनें, विवेकशील और नम्र पुरूष हर क्षेत्र में सफलता पाता है।

**जय माली सैनी समाज**



मनीष गहलोत
प्रधान सम्पादक

माली समाज धर्मशाला का उद्घाटन व शिक्षा जागृति सम्मेलन

# 'समाज में शिक्षा के मंदिरों की आवश्यकता – डॉ. सत्यनारायण सिंह



**भीनमाल।** डांग क्षेत्रीय बोर्ड के अध्यक्ष सत्यनारायणसिंह सैनी ने कहा कि वर्तान समय में भामाशाहों को मन्दिरों में नहीं, शिक्षा के मन्दिरो या छात्रावासो में अपना योगदान देना चाहिए। जिसमें समाज क आर्थिक रूप में कमजोर विधार्थी शिक्षा प्राप्त का सूनहरे भविष्य का निर्माण कर सकें।

वे सोमवार को शहर के क्षेमकरी माता मंदिर तलहटी पर माली समाज के धर्मशाला उद्घाटन व शिक्षा जागृति समारोह में मुख्य अतिथि के नाते बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धर्मशालाओं व मंदिर निर्माण को जरूरत नहीं है बल्कि छात्रावास व विद्यालयों की आवश्यकता है। इन्होंने कहा कि भामाशाह शिक्षा के क्षेत्र से अर्थिक सहयोग कर जरूरतमद विद्यार्थियो को सबल प्रदान कर सकते है। सैनी ने कहा कि वर्तमान प्रतिम्पद्धां के दौर में उच्च व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को आवश्यकता हे। उन्होंने कहा कि कुरीतियों के त्याग के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए संगठन व शिक्षा जरूरी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समुल समाप्त करने व शिक्षा को बढ़ावा देने का आव्हान किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए अमरपुरा स्थित मत लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि मौजूद समय में पूरे राष्ट्र माली-सैनी समाज सामाजिक शैक्षणिक और राजनीतिक एकता मंच को महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता हे। हमें शिक्षा के लिए हर शहर कस्बे में न सिर्फ छात्रावासों का निर्माण करना है इसके साथ ही वहां समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। श्री गहलोत ने कहा कि आज का युग में अत्यधिक प्रतिस्प्रधा है हमें आज की तकनीक को उपयोग में लेते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नये नये प्रयोग करने के साथ ही समाज के युवाओं को वर्तमान समय में किस क्षेत्र में संभावनाएं हे उनके बारे में मार्गदर्शन कर उन्हें प्रोत्साहित करना होगा समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हमें उन्हें सही मार्गदर्शन दे समाज एवं देश के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे हमारे युवा वर्ग सफलता का वरण कर शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में सफलता को प्राप्त कर सकें।

महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती बाबा फूले ने कहा कि हर क्षेत्र में शिक्षा जरूरी हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा की महत्ती आवश्यकता जताई। श्री भगवानाराम माली ने समाज विकास के लिए शिक्षा पर बल दिया । समारोह को पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाह श्री भभूताराम सोलकी, श्रीमती शशि सोलंकी,

सहायक अभियंता श्री भरत देवड़ा, श्री पन्नालाल सोलंकी व श्री विवेक कच्छवाह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पारसमल सांखला व श्रीमती शिला परमार ने किया।

इससे पूर्व अतिथियों ने संत लिखमीदास को प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया एवं धर्मशाला का फीता काट कर उद्‌घाटन किया। इस मौके श्री भारताराम सुदेशा, श्री जवानाराम परिहार, श्री मोडाराम सांखला, माली विकास संस्थान के अध्यक्ष श्री राजमल परमार कोषाध्यक्ष श्री भंवरलाल सोलंकी, पालिका उपाध्यक्ष श्री जयरूपाराम माली, श्री बलवीरसिंह कच्छवाह, श्री मनीष गहलोत, सचिव श्री भंवरलाल सोलंकी, श्री कपूरचंद गहलोत, भाजपा नगर उपाध्यक्ष श्री राजमल परमार, श्री नाथू सोलंकी माली युवा संगठन के अध्यक्ष श्री मांगीलाल गहलोत, श्री नरेश सोलंकी, श्री पारसमल सुदेशा, श्री प्रभुराम सांखला, श्री मोहनलाल गहलोत, श्री चुन्नीलाल सोलंकी, श्री छगाराम सांखला, श्री सांवलाराम परिहार, श्री मूलाराम सांखला, माली सैनी संदेश संवादाता श्री रामेश्वर गहलोत व श्री कमलेश गहलोत सहित माली समाज के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**किया सम्मान**

इन मौके धर्मशाला निर्माण में सहयोग दने वाले दर्जनों भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मान किया। इस मौके मोहनलाल गहलोत, फूलाराम परमार , प्रभुराम सांखला, छोगालाल सुदेशा, किशनाराम गहलोत, ओखाराम, हजारीमल, भंवरलाल परमार, थानमल परमार, देवीचंद परमार का माल्यांपण कर स्वागत किया।

**भक्ति संध्या में झूमे लोग**

कार्यक्रम के तहत रविवार रात्रि को धर्मशाला परिसर में भजन संध्या को आयोजन हुआ। भजन संध्या में रामेश्वर माली एण्ड पार्टी ने श्भजनो की प्रस्तूति देकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान संत लिखमीदास मंदिर निर्माण के लिए विभिन्न चढ़ावे बोले गए।











### माली बंशीलाल रागस्या ने अपनी पिता की स्मृति में किया विशाल आयोजन

# राष्ट्र स्तरीय निःशुल्क सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन में 100 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ



**भीलवाड़ा।** स्वर्गीय रामनाथ रागस्या की स्मृति में फूल माली समाज आम मेवाड़ चौखला के तत्वावधान में बं शीलाल माली द्वारा आयोजित सर्वजातिय सामुहिक विवाह सम्मेलन में भीलवाड़ा ही नही मेवाड़ क्षेत्र में एक इतिहास रचा है। इस सम्मेलन में तुलसी विवाह सहित सौ जोड़े विवाह बंधन में बंधे वही एक जोड़ा नाबालिग होने से आयोजक बंश ीलाल माली ने उसे हाथो-हाथ रुखस्त कर दिया ।

मीडिया संयोजक राजकुमार माली ने बताया कि दो दिवसीय सामुहिक विवाह समारोह के पहले दिन सामाजिक सरोकार से जुड़ते हुए माली समाज के देशभर से आए पत्रकारों और समाज के अग्रणीय नेताओं के विचार समाज के लोगों ने जाने यही नही एक दूसरे का परिचय और सम्मान समारोह राजीव गांधी ऑडोटोरियम में सम्पन्न हुआ। पहले दिन ही विवाह समारोह में बाराते पहुंची जिनका भव्य स्वागत किया गया और 25 हजार से ज्यादा लोगों का भोज भी पहले ही दिन हुआ।

बंशीलाल माली ने अपने ही स्तर पर इस विशाल आयोजन को इतना भव्य स्वरुप ही नही दिया बल्कि इतनी शानदार व्यवस्थाएं की कि 70 हजार लोगों के भोजन व ठहरने में किसी तरह की कोई तकलीफ नही हुई। भोजन भी इतना लजीत बना कि एक भी व्यक्ति ने यह नही कहा कि उसकी तबीयत बिगड़ी हो। मीडिया संयोजक माली ने बताया कि दुसरे दिन प्रभात वेला में दुल्हा-दुल्हनों कि भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी-घोड़े, खुलीजीप बगीया, ट्रेक्टर ट्रोलीया, पुलिस बैण्ड व बैण्ड-बाजे और कलश लिये चल रही महिलाएं अलग ही छटा पेश कर रही थी। शोभायात्रा 1.5 किलोमीटर लम्बी थी बाद में शोभायात्रा विवाह स्थल पर पहुंची, जहॉं तोरण की रस्म अदा की गई। बाद में सामुहिक भोज के बाद माली समाज के साथ ही विभिन्न जातियों सहित कुल 100 जोड़ो ने एक दुसरे का जिन्दगी भर के लिये हाथ थाम लिया। सम्मेलन में आये दुल्हा-दुल्हनों का कहना था कम खर्चे में अच्छी व्यवस्थाओं के साथ विवाह हुआ है यही नही अलग-अलग जातियां होने से उनमें सामाजिक सामजस्य बढ़ेगा एक ही पाण्डाल के नीचे आयोजक बंशीलाल माली ने तुलसी विवाह के साथ अपनी दो पुत्रिया आशा और चन्दा का विवाह भी करवाया। विवाह समारोह के कारण आज कृषि उपज मण्डी सहित तीनों सब्जी मण्डी पूरी तरह से बंद रही मण्डी के आढ़तिया मथुरालाल माली ने बताया कि मण्डी में किसी तरह का कोई कारोबार नहीं हुआ।

पूर्व खनिज मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि माली समाज के महात्मा फूले ने शिक्षा की अलख जगाई थी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी यही काम कर रहे है। हमें भी इसे सबक लेकर जागृत होना है ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उठा सके। उन्होंने कहा कि इस सामुहिक विवाह सम्मेलन में एक अनूठा उदाहरण नाबालिगों का विवाह न कराकर प्रस्तुत किया।

स्व. रामनाथ रागस्या की स्मृति में आयोजित 100 जोड़ो के सामुहिक विवाह सम्मेलन के आशीर्वाद में मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री और विधायक रामलाल जाट ने कहा कि इस विवाह सम्मेलन में पहले 50 जोड़ो का रजिस्ट्रेशन रद्दकर और फेरो से पहले मण्डप में एक नाबालिगं जोड़े का विवाह रुकवाकर मिसाल पेश की है उन्होंने इतने बड़े आयोजन के लिये बंशीलाल का हृदय से आभार जताया और कहा कि इस कार्य के लिए उन्हें 15 अगस्त को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरुक करने की जरुरत है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुऐ अनिल बल्दवा ने इतने बड़े आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि अन्य समाजों को भी इस तरह की पहल करनी चाहिए। समारोह में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल डांगी, यु.आईटी चैयरमेन रामपाल शर्मा, श्रीपाल सैनी अध्यक्ष व ताराचन्द गहलोत, पुर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, मोतीलाल सांखला, श्रीमान बाबु भुजबल सा. व डां.जी. एल. वर्मा सा., औंकार राम कच्छावा, सेवाराम दगदी, श्रीमति मोना शर्मा, रामनारायण चौहान, शंकर राव लिगें संस्था अध्यक्ष, डेयरी चैयरमैन रतनलाल चौधरी, टेन्ट डिलर्स समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि जिन्दल व नन्द सिहं रामधारी दिल्ली , चेयरमेन हेमराज गुप्ता, रासबिहारी शर्मा कोषाध्यक्ष, नगर परिषद आयुक्त रुस्तम अली शेख, चौमू विधायक भगवान सहाय सैनी, मांगीलाल पंवार ,

ओमप्रकाश राजोरीया, अलका सैनी, रामगोपाल करोडीवाल, पत्रकार राजकुमार माली (गढ़वाल) आदि भी समारोह में मौजूद थे।

इस मौके पर राजस्थान माली सैनी समाज की और से आयोजक बंशीलाल रागस्या और उनकी पत्नी धापू देवी का अभिनन्दन किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ.शंकरलाल माली ओर गोपाल माली, देबीलाल कच्छावा, कन्हैयालाल, नन्दलाल माली पार्षद, जगदीश कच्छावा ने किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में राजकुमार माली, सुमित माली, छोटू माली, दिनेश माली इंजी. राजेन्द्र कच्छावा, भैरुलाल रागस्या, सुरजमल रागस्या ने भी सहयोग किया। आशीर्वाद समारोह के दोरान स्टेज पर प्रदेश टेन्ट डीलर्स अध्यक्ष रवि जिन्दल ने बंशीलाल माली को राजस्थान प्रदेश टेन्ट डीलर्स समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

**देश के विभिन्न क्षेत्रों में माली सैनी समाज के सामुहिक विवाहों समारोह की रही धूम**

**• इंदौर में 16 जोड़े • भरतपुर में 17 जोड़े**
**• उज्जैन में 6 जोड़े • नर्मदा में 29 जोड़े**

### बाल विवाह व नशा न करने की शपथ

# माली समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलनों में 64 जोड़ें बनें हमसफर

## जोधपुर में निःशुल्क सामुहिक विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न

जोधपुर। शहर में सुखद सामाजिक बदलावे और समाज सुधार की बयार बहती हुई दिखाई दी। अवसर था माली संस्थान को मेजबानी में सोमवार को श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समाज के नौंवे नि:शुल्क विवाह समारोह में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने का। फेरे के समय वर-वधुओ ने बाल विवाह, दहेज न लेने व देने कन्या भ्रूण हत्या, नशा न करने और सभी को शिक्षित करने की शपथ ली। इसमें वैष्णव समाज के दो जोड़ो की भी शादी हुई। पंडित श्यामलाल दवे ने पाणिग्रहण संस्कार करवाया।

मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त हेमंत गैरा, विशिष्ट अतिथि जेडीए चैयरमैन श्री राजेन्द्र सोलंकी जिला कलक्टर श्री गौरव गोयल, निगम आयुक्त श्री ओ. पी. जैन और माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नवविवाहित जोड़ो को आर्शीवाद दिया। इस मौके संभागीय आयुक्त श्री हेमंत गेरा और जेडीए चैयरमैन श्री राजेन्द्र सोलंकी ने नगर निगम की ओर से वर-वधुओं को विवाह प्राण पत्र प्रदान किए। माल संस्थान अध्यक्ष श्री देवीचन्द देवड़ा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

**इन्होंने किया स्वागत**

माली संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, पूर्व महापौर डॉ ओमकुमारी गहलोत संस्थान उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल परिहार मंत्री श्री हनुमानसिंह गहलोत, श्री योगेश गहलोत, कोषाध्यक्ष श्री इंद्रसिंह गहलोत व उनकी पूरी कार्यकारिणी, सामुहिक विवहा एवं मैरिज ब्युरों संयोजक श्री धीरेन्द्र सिंह देवड़ा नव-जीवन संस्थान प्रभारी श्री भगवानसिंह परिहार भाजपा शहर अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाह श्री सुमेर शिक्षण संस्थान अध्यक्ष श्री चेतनप्रकाश देवड़ा जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार के मंत्री श्री किशोरसिंह सांखला व उनकी कार्यकारिणी और पार्षदों सहित प्रतिष्ठित दानदाताओं व कार्यकर्ताओं ने बारातों का गर्भजोशी से स्वागत किया।

सोजत । रविवार 12 मई, 2013 को समस्त माली समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। सामुहिक विवाह में 47 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। सामुहिक वरमाला व फेरों का आयोजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सभी बारातें गाजे-बाजे के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क पहुंची, जहां सामुहिक तोरण का आयोजन किया गया। इसके पश्चात विशाल शामियानें में सभी दूल्हों को बिठाया गया। दुल्हनें अपनी सखियों के साथ वरमाला के लिए स्टेज पर पहुंची। इस बीच वहां पर बैठी सैकड़ों महिलाओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। दुल्हा-दुल्हनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। पांडाल में आचार्य पांचाराम जोशी के सानिध्य में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाए।





सभी नवं दपत्तियों को आर्शीवाद देने के लिए सांसद श्री बद्रीराम जाखड़, पूर्व काबिना मंत्री श्री लक्ष्मीनायण दवे, विधायक श्रीमती संजना आगरी, पूर्व विधायक श्री लक्ष्मी बारूपाल, पालिकाध्यक्ष श्री मोहनलाल टांक, कांग्रेस के श्री रतन पंवार, संत श्री चेतन गिरी, कृष्ण कंवर सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

**इनका रहा सराहनीय सहयोगः** आयोजन की सफल क्रियान्विति में माली समाज के अध्यक्ष श्री ताराचंद टांक, उपाध्यक्ष श्री मदन छोटेवाला, सचिव श्री धर्मीचंद गहलोत, कोषाध्यक्ष श्री चंपालाल सांखला, समाज के चौधरी श्री नैनाराम टांक, श्री मंगलाराम डीडी, श्री रामचंद्र खेजड़ा, श्री मुन्नाराम गहलोत, श्री मोहनलाल टांक, श्री ढ़गलाराम सांखला, श्री लक्ष्मणराम, श्री प्रभुलाल टांक, श्री रणछोडराम सोलंकी, श्री मंगलाराम दाता, श्री आनंद भाटी आदि का सहयोग रहा।

माली सैनी संदेश परिवार द्वारा माताश्री स्व. श्रीमती सुशीला देवी गहलोत की मधुर स्मृति में वॉटर कूलर भेंट

# संत रामप्रसादजी महाराज ने किया वॉटर कूलर का शुभारंभ




10 जून,13। मारवाड़ के सुप्रसिद्वकथावाचक एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने स्थानीय उपनिदेश माध्यमिक कार्यालय के सेमिनार हॉल में स्थापित वाटर कूलर (ठण्डे पानी की मशीन) का शुभारंभ अपने कर कमलों से किया। आज 11.30 बजे प्रात: संपन्न सक्षिप्त किंतु भव्य शुभारंभ समारोह में महाराज श्री रामप्रसाद महाराज ने अपने कर कमलों से मशीन का लोकार्पण किया। मशीन से आम जनता के लिए तथा उपनिदेशक कार्यालय के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि यह वाटर कूलर मशीन माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत ने अपनी स्व. माताश्री सुशीला देवी की मधुर स्मृति में जनहितार्थ उपलब्ध करवायी है। मशीन के इस शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता उपनिदेशक माध्यमिक श्री ब्रदीनारायण दायमा ने की। हरिद्वार से पधारे महामण्डलेश्वर श्री दर्शन सिंह जी महाराज का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र गहलोत (पूर्व मंत्री) भी उपस्थित रहे।

संत श्री ने इस अवसर पर कहा कि परोपकार के छोटे-बड़े कार्यो से ही मनुष्य जीवन सार्थक होता है। इस अवसर पर महाराज श्री ने शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाशित शिक्षा विभाग की पुस्तक ''वातायन'' का भी विमोचन किया। अति. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्री प्रेमचंद सांखला ने अपने उद्बोधन में सबके प्रति आभार प्रकट किया। शुभारंभ समारोह का संचालन किशनलाल सांखला (प्राधानाचार्य) ने किया।

# माली धनराज चौधरी का चयन अंतराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ निदेशक मण्डल में



जयपुर। टेबल टेनिस संघ के राष्ट्रीय महासचिव माली श्री धनराज चौधरी को अंतराष्ट्रीय महासंघ के निदेशन मण्डल में चुना गया है। श्री धनराज चौधरी के अंतराष्ट्रीय मण्डल अंतराष्ट्रीय महासंघ में भारत के प्रतिनिधित्व का यह पहला अवसर है।

जालोर टेबिल टेनिस संघ के सचिव श्री नाथु सोलंकी ने बताया कि पहली बार अंतराष्ट्रीय स्तर पर समाज के किसी प्रतिनिधी को प्रतिनिधत्व मिला है । संघ की और से श्री धनराज चौधरी को हार्दिक बधाई प्रेषित की है तथा उसके साथ ही भीनमाल भीरू ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष श्री छगाराम सांखला, सचिव श्री भंवरलाल सोलंकी, बीसूका के पूर्व उपाध्यक्ष श्री भभूताराम सालंकी, कोषाध्यक्ष श्री पारसमल सांखला सहित समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने श्री चौधरी के निदेश बनने पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है। माली सैनी संदेश परिवार श्री धनराज चौधरी को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

# राजस्थान बोर्ड दसवीं की मेरिट में 2 रैंक के साथ सोनिया सैनी ने बढ़ाया गौरव



झुंझुनु। राजस्थान बोर्ड के 10वीं कक्षा के नतीजें आज घोषित किये गये। बोर्ड की इस वर्ष की मेरिट में समाज की सोनिया सैनी ने ९८.५ प्रतिशत अंकों के साथ राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया।

झुंझुनु के गुढ़ागोढ़जी के गुढ़ा सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में अध्यनरत सुश्री सोनिया के पिता श्री बनवारीलाल सैनी कृषि अधिकारी है तथा माता श्रीमती कौशल्या गृहणी है।

इस सफलता का श्रेय सोनिया अपने माता पिता के साथ विद्यालय के शिक्षकों को दिया। नियमित अध्ययन कर सोनिया ने यह मुकाम हासिल किया है। माली सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं ने सोनिया की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है । माली सैनी संदेश परिवार सोनिया को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है। समाज की इस प्रतिभा पर हम सभी को गर्व है।

माली समाज धर्मशाला का वार्षिकोत्सव व शिक्षा जागृति सम्मेलन आयोजित

# शिक्षा व संगठन से ही समाज का विकास– श्री रामकिशोर सैनी



भीनमाल। निकटवर्ती सुधामाता तिर्थ पर शनिवार को माली समाज धर्मशाला का वार्षिकोत्सव व शिक्षा जागृति सम्मेलन महंत चैतनगिरि महाराज के सात्रिध्य जैन व सामाजिक न्या अधिकारिता मंत्री रामकिशोर सैनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सम्मेलन में समाज में राजनीतिक, सामाजिक एकता व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विचार मंथन हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सैनी ने कहा कि जरूरतमदों को सेवा ही सबसे बड़ा धर्म हैं। सरकार ने जरूरतमंदों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाए शुरू की है। वृद्धो को पेंशन के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपए की योजना भी शुरू की है। ऐसे में लोगों को खास फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के लिए छात्रावासों व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आवश्यकता है। उच्च शिक्षा व संगठित समाज ही हर क्षेत्र में विकास कर सकता है। उन्होंने उपस्थित समाजबन्धुओं को समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने से आगे आने का आहवान किया।

अमरपुरा लखमीदास महाराज स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि माली समाज की प्रदेश से बहुत बड़ा तबका है। प्रदेश में राजनीतिक दृष्टिकोण में प्रदेश में 122 विधानसभा क्षेत्र में माली समाज के मतदाता चुनाव को दिशा बदल सकते है। उन्होंने उपस्थित लोगों को दिल्ली में माली समाज का छात्रावास व कोचिंग बनाने के लिए सहयोग का आव्हान किया। मोतीबाबा फूले ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तय करने के लिए 23 जून को सुमेरपुर में महापंचायत होगी। सम्मेलन को राघवदान महाराज बालोतरा, सुरेश कुमार सैनी, सुनील परिहार जोधपुर, माली विकास संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल झाड़ोली, बालोतरा नगर पालिका सभापति महेश चौहान, सिरोही से रधुभाई देवड़ा व प्रचार मंत्री छगनलाल माली आहोर ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी शुक्रवार रात्रि को सुंधामाता पहुंचे। कार्यक्रम के तहत शनिवार को विभिन्न चढ़ावो के लाभार्थियों का माली समाज विकास संस्थान की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के तहत रात्रि में भजन कार्यक्रम सुबह यज्ञ व विभिन्न चढ़ावे बोले गए। इस मौके अतिरिक्त जिला कलक्टर चुन्नीलाल सैनी उपखण्ड अधिकारी प्रहलादसिंह भाटी, भारताराम सुंदेशा, भरत देवड़ा, पोलराम माली, गणेशाराम सुंदेशा, पंकजभाई बालोतरा, काऊलाल माली, जयरूपाराम माली, बिलाड़ा अधिशाषी अधिकारी शंकरलाल गहलोत, सोमताराम परमार, भूबाराम सुदेशा व राणछोड़ाराम परिहार के अलावा प्रदेश सहित गुजरात व महाराष्ट्र प्रदेश में सैकड़ो की संख्या में माली समाज के लोगों ने भाग लिया था।

**ट्रस्ट ने सौंपा ज्ञापन**

कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मंत्री रामकिशोर सैनी को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शेड निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि छपरे के अभाव अद्धालुओं को मंदिर में दौरान के लिए धूप में खड़ा रहना पड़ता है। ट्रस्ट की ओर से शेड के लिए सामान भी खरीदा गया है। इस मौके ट्रस्टी दौलतसिंह डोरड़ा, ताराचंद मंत्री, व्यवस्थापक महेन्द्रसिंह व दिनेश भट्ट मौजूद थे।

**मंत्री का किया स्वागत**

कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे जेल व सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री रामकिशोर सैनी के सुंधामाता पहुंचने पर सुंधामाता ट्रस्ट, रोप–वे संचालन प्रतिनिधि व माली समाज के लोगो ने उनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया।

**बही भक्ति रस की सरिता**

सुंधामाता मंदिर परिसर में शुक्रवार को भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संख्या में प्रकाश माली एण्ड पार्टी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओ को झूमने पर विवश कर दिया। भजन संध्या की शुरूआत गणपति वंदना से हुई। इसके बाद प्रकाश माली ने चौसट जोगणी सुंधामाता में चामुण्डा माता बिराजे रे के भजनों की प्रस्तुति दकर कार्यक्रम में संमा बांध दिया।

## सोशल मीडिया से श्री अशोक गहलोत रहते है अपडेट

# माली सैनी संदेश ने श्री अशोक गहलोत को फेस बुक पर उपलब्ध कराई जानकारी का गहलोत के भाषणों में जिक्र

माली सैनी संदेश हमेशा से सामाजिक जानकारियों एवं सूचनाओं के साथ समाज के प्रेरक एवं श्री अशोक गहलोत के जीवन से प्रेरणा ले कर उनके किए कार्यो का उल्लेख अपनी सामाजिक पत्रिका के साथ ही सोशल मीडिया में भी करता रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत पर जब जब विपक्ष ने झुठे आरोप मढ़े है हमने उसका पुरजोर विरोध किया है।

अभी कुछ समय पहले भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष ने श्री अशोकगहलोत पर अनेकों आरोप लगाए जिसका हमने पूरा विरोध किया साथ ही श्री अशोक गहलोत को फेस बुक पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वंसुधरा राजे द्वारा किए जा रहे प्रहारों पर अपनी और से दिनांक 15 अप्रेल, 13 को जानकारी उपलब्ध कराई कि राजे अपने भाषणों में सरकार द्वारा रूपये लुटाने की बातें कह रही है। हमनें फेसबुक पर वंसुधरा राजे के भाषण में भ्रामक जानकारी के विरोध में लोगों को जानकारी प्रदान की जिस पर सैकड़ों लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अपने भाषणों में भी इस बात का जिक्र किया और अब श्री अशोक गहलोत वंसुधरा राजे के हर झूठी जानकारी का सही उत्तर दे कर उन्हें निरूत्तर कर रहे है।

हम सभी श्री अशोक गहलोत द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यो का प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा कर आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य करे तथा माली सैनी समाज ही नहीं वरन् अन्य पिछड़ी जातियों के लोगोंको भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास करें।

**15 अप्रेल, 2013 को माली सैनी संदेश द्वारा फेस बुक पर पोस्ट की गई जानकारी जिसका जिक्र श्री अशोक गहलोत अपने भाषणों में कर रहे है**

**वंसुधरा मैडम अपने भाषणों में कहती है कि श्री अशोक गहलोत जो जनकल्याणकारी योजनाओं में रूपये दे रहे है वो आपके ही है आप ले लो।**
**आज तक सरकार की जितनी भी योजनाऐं है उनमें जो भी पार्टी राज कर रही है वो जनता को जो आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाती है वो जनता ही का टेक्स का रूपया होता है जो जनता के द्वारा दिया जाता है उसी रकम से विकास एवं जनकल्याण के कार्य होते है।**

**मैं वसु मैडम से पुछना चाहता हूँ कि क्या उनके कार्यकाल में जो रूपये जनता को दिये गये वो भाजपा पार्टी के फण्ड से दिए गये थे या उनके निजी खाते से.....**

**अगर आप मेरी बात से सहमत है तो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें। श्री अशोक गहलोत के हाथ को मजबूत करने के लिए हमें अपने स्तर पर हर तरह की कोशिश कर उन्हें कामयाबी दिलानी है जिससे जनता को ज्यादा से ज्यादा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें जो श्री अशोक गहलोत ने अभी शुरू की है।**

# रक्तदान शिविर में उमड़े युवा 251 ने किया रक्तदान



जोधपुर। माली युवा संगठन द्वारा अयोजित तृतीय रक्तदान शिविर में माली समाज के युवाओं ने सामाजिक सरोकार निभाया।

संस्थान के सचिव श्री लवजीत पंवार ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया की संस्थान की और से हर वर्ष सामाजिक कायक्रमों में संस्थान के सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों का योगदान रहता है। इसी कड़ी में आयोजित इस रक्तदान शिविर में सुबह से ही समाज के युवाओं में उत्साह देखने लायक था। संत रामसिंह भाटी मेमोरियल हॉल में आयोजित इस शिविर में युवाओं का हौसला बढ़ाने के लिए माली संस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, हरिद्वार धर्मशाला के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, उपाध्यक्ष श्री प्रेमसिंह देवड़ा, सचिव श्री किशोरसिंह सांखला, उपसचिव श्री सुरेन्द्र सांखला, ट्रस्टी श्री प्रदीप परिहार, सुमेर शिक्षण संस्थान के ट्रस्टी एवं समाजसेवी श्री जसवंत सिंह कच्छवाह, श्री अरविंद परिहार, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, ललित सांखला सहित समाज के प्रबुद्धजनों ने युवाओं की हौसला अफजाई की।

शिविर में संस्था के अध्यक्ष श्री विनय पंवार, उपध्यक्ष श्री जुगल पंवार, श्री भवानिसिंह गहलोत, श्री गजेन्द्र कच्छवाहा, कोषाध्यक्ष श्री शिव भाटी, के साथ ही संस्थान के प्रशांत कच्छवाहा, संदीप देवड़ा, महेन्द्र परिहार, पवन सोलंकी, दीपक गहलोत, किशोर गहलोत, विनित भाटी, सहित अनेकों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया। रक्तदाताओं के लिए संस्थान की ओर से ताजा फल जूस एवं अल्पाहार की सुनिश्चित व्यवस्था की गई।

# माली (सैनी) युवा संगठन ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

बैंगलोर, माली (सैनी) युवा संगठन बेंगलोर (कर्नाटक) द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया, एक दिवसीय बेंगलोर प्रवास पर आये गहलोत एवं पाली सांसद बद्रीराम जाखड का युवा संगठन ने चामराज पेट में अभिनंदन किया।



इस अवसर पर माली (सैनी) समाज कर्नाटक के अध्यक्ष घनश्याम सांखला, युवा संगठन के अध्यक्ष उत्तम पंवर, मंत्री माणक चौहान, कोषाध्यक्ष भुपेन्द्र बागड़ी, सांस्कृतिक मंत्री, रूपेश सोलंकी, कार्यकारिणी प्रमुख रमेश कच्छवाह उपाध्यक्ष महेन्द्र बागडी, कार्यकारिणी सहायक रामलाल सोलंकी, अम्बाराम सोलंकी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें। सभी ने श्री अशोक गहलोत को आगामी चुनावों में हरसंभव मदद का वादा किया।


**हार्दिक बधाई**



## सुश्री हिमांशी पंवार

के 10वीं सीबीएसई में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**शुभेष्छु :** श्रीमती कमलादेवी- मदनसिंह (दादी-दादा) श्रीमती सीमा-राकेश पंवार (माता-पिता) श्रीमती पार्वती - स्व. सोहनलाल तंवर, श्रीमती चंद्रकांता- मोहनलाल तंवर (नानी-नाना) एवं समस्त पंवार परिवार

**हार्दिक बधाई**



## श्री दिलीप सोलंकी

के परिवहन उपनिरीक्षक से परिवहन निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेष्छु :

**भीरु ग्रुप, भीनमाल**

# गहलोत क्लासेज का आरपीईटी में दबदबा

## पारितोषिक एवं भजन संध्या समारोह में बांटी स्कूटी एवं टेबलट

जोधपुर। गहलोत क्लासेज का आरपीईटी में इस बार दबदबा रहा। शीतल गहलोत ने 12वी कक्षा के साथ ओबीसी में 16वीं रैंक हासिल की। संस्था के प्रधान अरूण गहलोत ने बताया कि इसके अलावा मुकुल सांखला ने 12वीं कक्षा के साथ 42वीं रैंक प्राप्त की। इसके साथ ही शीला मीणा ने 69वीं, घनश्याम ने 88वीं, अर्जुनराम ने 239वीं, भरतकुमार नं 266वीं, मनीष ने 270वीं, सुरेश ने 299वीं रैंक ओबीसी में हासिल की है। अरूण गहलोत ने बताया कि इसके अलावा सभी बोर्ड परिक्षाओं में गहलोत क्लासेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इसके अलावा पूर्व में 43 विद्यार्थियों ने जेईई मेन में चयनित होकर संस्था को गौरवान्वित किया था। इस अवसर पर संस्था परिसर में मिठाईयां बांट सभी का मूंह मीठा किया गया तथा सभी ने शीतल गहलोत व अन्य विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।



राज्य स्तर पर 16वां स्थान प्राप्त करने पर शीतल गहलोत का सम्मान




उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान करते जेडीए चैयरमेन राजेन्द्र सोलंकी



भजन संध्या में उपस्थित जनसमूह

## भजन संध्या में गूजें भक्ति स्वर

जोधपुर। चैनपुरा मण्डोर स्थित अमृतलाल गहलोत स्टेडियम में आयोजित भक्ति संध्या में गायक प्रकाश माली ने भजन प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया।

समाजसेवी स्व. श्री प्रेमसिंह गहलोत की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गहलोत क्लासेज द्वारा आयोजित भक्ति संध्या संत श्री चेतनगिरी महाराज के सान्निध्य में हुई। समारोह में समूचा परिसर अध्यात्म की खुशबू से महक उठा।

गहलोत क्लासेज एवं धार्मिक संस्था मित्र मंडल समिति एवं अपना विद्यालय उच्च माध्यमिक की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सोलंकी ने इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्कूटी एवं टेबलट भेंट किए। संस्था के प्रधान श्री अरूण गहलोत ने अतिथियों को सम्मान किया।

परिचय

**माली सैनी समाज की होनहार प्रतिभा**

# सुश्री (डॉ.) निशा टाक



निशा का जन्म जोधपुर क मध्यमवर्गीय व्यवसयी परसराम टाक के यहाँ सन् 1984 में हूआ था। निशा ने स्कूल शिक्षा सेंट पेट्रीक्स विद्या भवन से अर्जित की है। आपने प्रथम श्रेणी से दसवीं एवं बारहवी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण किया। निशा ने बी.एस.सी. बायोटेक्नोलॉजी, प्राणी शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विषयों में लाचु मेमोरियल कॉलेज से की हैं निशा ने एम.एस.सी. वनस्पति शास्त्र विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय से की एवं उनकी विभाग में द्वितीय मेरीट रही। बायोटेक्नोलॉजी की प्रति प्रेम, अनुसंधान के प्रति उत्साह एवं नई चीजों को सीखने की लालक निशा में हमेशा से रही हैं। निशा मेहनती एवं सदेव दूसरों की सहायता करने वाली होनहार लड़की हैं।

निशा ने वर्ष 2008 में NET-CSIR की परीक्षा उत्तीण की एवं उन्हें पाँच वर्ष तक CSIR की तरफ से छात्रवृति भी प्रदान की गई। निशा ने प्रोफेसर हुकम सिंह गहलोत के निर्देशक में मरूस्थल में पायी जाने वाली स्थानीय फलीदार पौधों (लेग्यूम) टेफ्रोशिया (बियानी) की जडों में पाए जान वाले नाईट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणुओं पर अनुसन्धान बी.एन.एफ लेब, वनस्पति शास्त्र विभाग, जे.एन.वी.यु,जोधपुर से किया है। अपनी पी.एच.डी. कार्य के अन्तर्गत बियानी की जडो में पाये जाने वाले दो सौ जड़-ग्रंथि बैक्टीरिया पर शोध किया है। आणविक उपकरण एवं बायोइनफॉरमैटिक्स की सहायता से यह ज्ञात हुआ की मरूस्थल के लेग्यूम से जुडे सहजीवी जीवाणु एन्सीफर, राईजोबियम एवं ब्रेडीराजोबियम की नवीन प्रजातियाँ हैं। थार रेगिस्तान की मृदा क्षारिय है तथा दूसरे अन्य भौगोलिक कारको की वजह से यह जीवाणु उदविकास के समय विविध प्रकार के हो गए। यह नए एण्डोफाइटस आनुवांशिकी रूप से विविध है और शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र में रहने हेतु यह जीव उच्च साममान व लवण में प्रति सहनशील बन जाते है। अपने इस शोधकार्य को उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय जर्न एवं पुस्तकों में प्रकाशित किया है। आपने विभिन्न राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया एवं मौखिम प्रस्तुति भी दी है। जैव सूचना विज्ञान एवं जातिवृत्तीय जैसे क्षेत्रों में आपने विशेषज्ञता प्राप्त की है। आपने सौ से भी अधिक बैक्टीरियल न्युक्यिोटाइड अनुक्रमों को एनसीबीआई में जमा करवाया । निशा भारतीय वानस्पतिक संध एवं एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायलोजीसट ऑफ इण्डिया की आजीवन सदस्य है।

आपको अमेरिकन सोसायअी फोर माइक्रोबायोलोजी ने ASM-IUSSTF इंडो अमरीकन-2012 रिसर्च प्रोफेसरशिप प्रदान की जिसके अन्तर्गत निशा कैतिफार्मिया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स गई और वहाँ पर प्रो.एन.हिर्सच के साथ ग्रीन फलोरेसेन्ट प्रोटीन (जी.एफ.पी) की सहायकता से भारतीय थार रेगिस्तान में पाई जाने वाली राईजोबियम की नव प्रजातियों की थार डेजर्ट के स्थानीय एवं फसलीय लेग्यूम के साथ सहजीविता एवं अर्न्तसम्बंधो पर UCLA के ग्लास घर में अनुसंधान किया। इस जी.एफ.पी. तकनीक से सहजीविता को प्रमाणित किया जा सकता है। इस तकनीक पर विभाग में अध्ययनरत स्नातकोत्तर विद्यार्थी एवं शोधार्थीयों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इससे पहले निशा आस्ट्रेलिया के सेन्टर फोर राईजोबियम स्टडीज (CRS) मुरडोक विश्वविद्यालय, पर्थ में क्रोफोर्ड फंड में अन्तर्गत आणविक अभिनिर्धारण पर उच्च प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है जिससे विभाग में जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण (BNF) पर चल रहे शोधकार्य को लाभ हुआ।

निशा कृषि के लिए अतिमहत्वपूर्ण इन नवीन जीवाणुओं की खोज, संरक्षण एवं परिरक्षण कर रही है ताकि भविष्य में इनका उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सके। जिससे प्राकृतिक रूप से भूमि की उर्वरता और कृषि उत्पादन बढ़ाया जा सके।

**थार में नए जीवाणु की खोज रासायनिक खाद के दुष्परिणाम कम करने में होगा सहायक**

थार रेगिस्तान में नाईट्राजन स्थिरीकरण करने वाले जड़-ग्रंथी जीवाणु की खोज की गई है। अभिनव बायो कैमिकल व आणविक उपकरण की सहायता से इन सूक्ष्म जीवों की पहचान की गई। भविष्य में इन सूक्ष्म जीवों को उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सकेगा,जो कृषि क्षेत्र में रासायनिक खाद से होने वाले दुष्परिणाम कम करने में भी सहायक होंगे।

**पौधों की वृद्धि में सहायक**

आणविक अनुसंधान से यह भी पुष्टि हुई है कि टेफ्रोशिया की जड़ों में पाए जाने वाले एण्डोफाइटस आनुवंशिकी रूप से विविध हैं और पौधों की वृद्धि में सहायक हैं नवीन साइनोराजोबियम की प्रजाति का यह पूर्ण जीनोम अनुक्रम अमरीका के जॉइन्ट जीनोम संस्थान (जेजीआई) के सहयोग से किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणुओं की पूर्ण जीनोम के अनुक्रम की यह पहली रिपोर्ट है।

इंडो-अमरीकन 2012 रिसर्च प्रोफेसरशिप के तहत मैंने कैलिफोर्निया विवि लॉस एंजिल्स में थार में पाई जाने वाली राइजोबियम की नई प्रजातियों की स्थानीय फसलीय लैग्यूम के साथ सहजीविता व अंतर सम्बन्धों पर अनुसंधान कर सहजीविता को प्रमाणित किया है।

**डॉ. निशा टाक**
(लेक्चरर) वनस्पति शास्त्र विभाग, जे.एन.वी.यू. जोधपुर

## 400 लावारिश लाशों का दाहसंस्कार करने वाले

# श्री मनोहर कछावा (दादा) का निधन

नीमच। जिसका शरीर नश्वर है और जो वह जानता है कि मुझे एक दिन जाना ही है क्यों न मैं कुछ ऐसा कार्य करूं जिससे मेरा इस जीवन में जन्म लेना सार्थक हो जाये। इसी बात को ध्येय मानते हुए अपने जीवन के 80 वर्ष पूर्ण करने वाले समाजसेवी श्री मनोहर दादा कछावा का 12 मई 2013 को निधन हो गया।

श्री दादा ने नीमच शहर में अपनी एक अलग पहचान बना रखी थी। श्मशान भूमि को अपनी सेवा का केन्द्र बिन्दु मानकर 1956 से सेवाभाव से सेवा करते आ रहे थे। अभी तक करीब 400 लावारिश लाशों का दाह संस्कार उन्होंने किया। वे अनाज मण्डी में अपनी छोटी सी चाय की दुकान चलाते थे। जब उन्हें पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक संस्था के द्वारा लावारिश शव की सूचना मिलती है तो अपनी दुकान नौकरों के भरोसे छोड़कर चले जाते थे। उक्त लाश का दाहसंस्कार कर वापस दुकान आते थे। इस बीच यदि उन्हें किसी के निधन की सूचना मिल जाती थी या कोई शवयात्रा दिखती तो वे दुकान छोड़कर यात्रा के साथ चले जाते और पूरे समय कार्य सम्पन्न करवाते थे। वह ज्यादा से ज्यादा समय श्मशान में ही व्यतीत करते थे। वे कम से कम खर्च में शव का दाह संस्कार कैसे हो इसके लिए भी प्रयास किया करते थे। जिसके माध्यम से शव ले जाने में समय व खर्च की बचत होती हो। इस कार्य के लिए लॉयन्स क्लब नीमच, अनेक धार्मिक संस्थाओं के द्वारा उनका अभिनन्दन भी किया गया।

उन्होंने पैतृक परिवार की ओर से पूरा ध्यान दे रखा था। उनके पास कुछ पैतृक कृषि भूमि थी। जिस पर उनके दोनों लड़के जीवन यापन करते थे। वे कहा करते थे बिना शिक्षा नहीं उद्धार, इसीलिए जब अपनी बहू हंसा ने पढ़ाई की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने सहर्ष ही उसे स्वीकार कर आगे की पढ़ाई कराई, वह आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। वहीं पूरे पौते पौतियों को पढ़ाई के प्रति जागृत करते रहते थे। पिछले वर्ष बड़े बेटे का निधन हो जाने से उन्हें बड़ा दुख पहुंचा था।

अभी परिवार में उनका एक छोटा भाई नंदलाल कछावा है जो समाजसेवी एवं माली मंथन के संवाददाता है। वहीं एक पुत्र व दो पुत्री है। बड़े पुत्र का पिछले वर्ष निधन हो गया था।

अनेक सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक पार्टियों, समाज बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मनोहर दादा के व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जायेगा।

## पगड़ी रस्म से पहले अध्यक्ष बनाया फिर हुई पगड़ी

नीमच। समजासेवी स्व. श्री मनोहर (दादा) कछावा की पगड़ी रस्म कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी जगह के समाजबंधु पहुंचे। मारवाड़ी माली महासभा के प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन समाज अध्यक्ष श्री रमेशचन्द्र गहलोत ने स्थानीय पगड़ी के बारे में जानकारी चाही तो वहां मौजूद समाजबंधु ने कहा कि हमारे यहां तो हम कोई भी मालवांचल सामूहिक विवाह सम्मेलन इन्दौर में सर्वानुमति से हुए निर्णय के बारे में जानकारी दी ओर कहा कि अब स्थानीय पंच पटेल द्वारा पुरुष के निधन पर पगड़ी वहीं की पंचायत पगड़ी बांधेगी एवं अन्य जगह यदि सकल पंच है तो वहां सिर्फ ग्यारह रूपये की पगड़ी के रूप में लिये जायेंगे। ऐसा निर्णय लिया गया था। तब सभी समाज बंधुओं ने पगडी रस्म के पहले नीमच माली समाज का सर्वानुमति से श्री मांगीलाल गेहलोत को अध्यक्ष चुना। जिसके बाद स्थानीय पगड़ी नीमच समाज की ओर से बांधी गई। उज्जैन माली समाज के उपाध्यक्ष सर्वश्री भेरूलाल कछावा, सदस्य श्री लालाराम गहलोत, श्री नरेन्द्र सांखला उज्जैन, नन्दलाल कच्छावा, जगदीश सांखला, श्यामलाल सांखला, मनु चौहान नीमच आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कार्यकारिणी गठित

भरतपुर: ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज समिति के जिलाध्यक्ष रामगोपाल सैनी ने कार्यकारिणी में राजभजन सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीरीसिंह, मदनलाल सैनी, किशन सिंह, दयाचंद चौधरी को उपाध्यक्ष, रामबाबू सैनी वरिष्ठ महामंत्री, रामप्रसाद सैनी, लक्ष्मण सिंह वरिष्ठ महामंत्री व कार्यालय मंत्री, ईश्वरी प्रसाद सैनी महामंत्री, खुशीराम सैनी कोषाध्यक्ष, बृजेश कुमार व जानकी प्रसाद सह कोषाध्यक्ष, हरप्रसाद सैनी, अतरसिंह, रामकिशन प्रचार मंत्री, पंकज सैनी, शिवचरन पुष्प संगठन मंत्री, राकेश सैनी, खैमचंद सैनी, विजय सिंह, छोटू संयुक्त सचिव, राधेश्याम व किशन सिंह सैनी को प्रचार प्रसार सचिव नियुक्त किया है।

## हार्दिक बधाई



**धीरेन्द्र परिहार**

पुत्र श्री भागीरथजी परिहार के कक्षा 12वीं (विज्ञान वर्ग) में राज्य स्तर पर 29वीं एवं जिला स्तर पर 9वीं रैंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई

# माली सैनी संदेश मेरिज ब्यूरों

माली समाज में पारस्परिक रिश्तें कायम करने के लिए विवाह योग्य युवक युवती का रजिस्ट्रेशन(पंजीयन)नि:शुल्क किया जाता है। पत्रिका ऐसे सभी योग्य वर/ वधू का पंजियन कर उनका विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करेगा इस हेतु लड़की की न्यूनत्तम आयु 18 वर्ष व लड़के की न्यूनत्तम आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। पत्रिका की ओर से वर्ष में एक बार परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। संभावित रिश्ते वाले दोनों पक्षों को सूचित कर रिश्तें कायम करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## युवक-युवती व्यक्तिगत विवरण

**नवीनतम फोटो**

क्रम संख्या.................... दिनांक ..........................................

1. युवक/युवती का नाम.......................................................गौत्र ...............................
2. युवक/युवती कार्यरत है, व्यवसाय का नाम व पता.......................................................

.........................................................................................................

.........................................फोन नम्बर..........................मोबाईल नम्बर..........................वार्षिक आय..........................

3. शैक्षिक योग्यता ..........................................विशेष योग्यता..........................................

3. जन्म तिथि.......................................... ऊँचाई..............................से. मी. वजन.......................... किलो

4. शारीरिक रंग : गोरा/गेंहुआ/श्याम........................चश्में का प्रयोग : हा/ नहीं................ मांगलिक है या नहीं........................

3. अन्य जानकारी जो आप देना आवश्यक समझें.........................................................

.........................................................................................................

**3. पारिवारिक विवरण**

पिता का नाम..........................................माता का नाम..........................................

माता/पिता का निवास स्थान.......................................................................

..........................................फोन नम्बर..........................मोबाईल नम्बर..........................

माता/पिता व्यवसायिक पता.......................................................................

..........................................फोन नम्बर..........................मोबाईल नम्बर..........................

वार्षिक आय..........................................मकान निजी/किराये का..........................................

भाई-बहनों की संख्या............................ विवाहित :भाई...................... बहिन........................ अविवाहित :भाई....................बहिन.....................

**4. ननिहाल पक्ष विवरण**

नाना /मामा का नाम व पूरा पता.......................................................................

.........................................................................................................

..........................................फोन नम्बर..........................मोबाईल नम्बर..........................

**हस्ताक्षर अभिभावक** दिनांक .......................................... **हस्ताक्षर युवक/ युवती**

भेजे : **माली सैनी संदेश**, पोस्ट बाक्स नं. 09, जोधपुर या फिर ई-मेल करें : **malisainisandesh@gmail.com; www.malisainisandesh.com**

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा

श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री रावतमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भाराताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल

श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश
**श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर**


# माली सैनी संदेश


## ही क्यों ?




























### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग
मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स
के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# माली सैनी संदेश परिवार द्वारा जनहितार्थ प्रदान की गई वॉटर कूलर मशीन के शुभारंभ की झलकियां




वॉटर कूलर मशीन का शुभारंभ करते संतश्री रामप्रसादजी महाराज, महामण्डलेश्वर दर्शनसिंह जी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत



पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत का स्वागत करते हुए अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रेमचंद सांखला




शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाशित शिक्षा विभाग की पुस्तक 'वातायान' का विमोचन करतें संत श्री रामप्रसादजी एवं प्रबुद्धजन



संत श्री रामप्रसाद जी महाराज शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी श्री किशनलाल सांखला का उल्लेखनीय सेवाकार्य करने पर माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए

## भीलवाड़ा में आयोजित माली समाज के सामुहिक विवाह समारोह की झलकियां





NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



प्रातः स्मरणीय, पूज्यनीय माताश्री

# श्रीमती सुशीला गहलोत

की 35वीं पुण्यतिथि पर आपके द्वारा बताये आदर्शों
पर प्रतिपल चलने का संकल्प ग्रहण करते है

श्रद्धानवत :

## माली सैनी सन्देश परिवार

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक
मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड
जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय,
31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।

फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR

log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org